

# तीन विचित्र



एक समय की बात है। एक आदमी के तीन बच्चे थे – दो लड़के और एक लड़की। तीनों ही बड़े विचित्र थे।




पहले बेटे के कान बहुत ही तेज़ थे। इतने तेज़ थे कि वह दूर घास पर चलते हुए एक छोटे-से कीड़े की आवाज़ तक सुन लेता था।



दूसरे बेटे की नज़र बहुत ही तेज़ थी। वह एक मील की दूरी से भी रेत का एक दाना देख सकता था।

और एक जो बेटी थी, वो तो और भी विचित्र थी। वह हर चीज़ गिन सकती थी, चाहे वह पेड़ों की पत्तियाँ हों या आसमान के तारे।




न जाने क्यों, इन तीनों में नई-नई जगहों को देखने की बहुत चाह थी। इसलिए, एक दिन तीनों ने अपने माँ-बाप से विदा ली और लंबी यात्रा पर निकल पड़े। उन्होंने अपने पास एक बाजरे के बोरे के अलावा कुछ और न रखा। बाजरा उन्होंने इसलिए साथ रखा था क्योंकि वह उनके खाने के काम आता।




दोपहर तक वे एक नदी के किनारे पहुँचे। नदी तो नाव से ही पार की जा सकती थी। उन्होंनें वहाँ के एक मल्लाह से उसकी छोटी-सी नाव किराए पर ली। तीनों भाई-बहन नाव में धीरे से चढ़े। और बाजरे का बोरा भी संभालकर नाव में रख लिया।

मल्लाह ने नाव दूसरे किनारे की तरफ खेना शुरू किया। नाव कुछ ही दूर गई होगी कि एक लड़का चिल्लाया, "ठहरो! इस बोरे से एक दाना फिसल कर नदी में जा गिरा है। मैंने अभी उसके गिरने की आवाज़ सुनी है।"

मल्लाह को तो विश्वास ही नहीं हुआ। वह रूका ही नहीं। इस पर लड़की बोली, "रूको, रूको, मैंने सारे दाने गिन लिए हैं। बोरे में सचमुच एक दाना कम है।"

दूसरा लड़का बोला, "मैं नदी में अभी डुबकी लगाता हूँ। मुझे दाना ज़रूर दिख जायेगा।" यह कहकर उसने नदी में छलांग लगा दी।



और खुशी से बोला, "देखो- देखो, यह रहा बाजरे का वह दाना। अच्छा हुआ कि भईया ने इसके गिरने की आवाज़ सुन ली और दीदी ने बाजरे की गिनती कर ली।" यह कहकर वह नाव पर चढ़ गया और दाना बोरे में डाल दिया।

"शाबाश" सबने उससे कहा। फिर तीनों ने मल्लाह से कहा, "चलो मल्लाह, उस पार ले चलो, देखें आगे क्या होता है?"

● तीनों विचित्र बच्चों को नाम दो और यहाँ लिखो। ........................ ........................ ........................

● खाली जगह भरो

तीन भाई-बहन थे। एक के ................ बहुत तेज़ थे। दूसरे की .............. बहुत तेज थी। एक हर चीज़ ................ सकती थी।

● **कॉपी में करो।**

- तीनों भाई-बहन के पास क्या-क्या सामान था?

- तीनों भाई-बहन कब तक नदी पहुँचे?

- नदी पार करने के लिए उन्होंने क्या किया?

- पहले भाई ने नाव को क्यों रुकवाया?

● चर्चा करो। ***बाजरे का दाना बचाने में सबसे बड़ा काम किसने किया?***



(1) क्या उसने जिसने बाजरे के दाने के गिरने की आवाज सुन ली?

(2) क्या उसने जिसने नदी के **तल** से बाजरे का दाना ढूंढा?

(3) क्या उसने जिसने फौरन बोरे के सारे दाने गिनकर बता दिए?

● नदी पार करने के बाद आगे क्या हुआ होगा? कहाँ गए होंगे तीनों भाई-बहन? क्या तुम सोचकर बता सकते हो?

● नदी पहुँचने के लिए तीनों भाई-बहन 8 कोस चले थे। नदी पार करके वे उस दिन 13 कोस और चले। तो बताओ वे उस दिन कितने कोस चले?


● नाव चलाने वाला = मल्लाह मल्लाह पतवार से नाव चलाता है।

मछली पकड़ने वाला = ------ ---- --- से मछली पकड़ता है।

कपड़े धोने वाला = ------ ---- --- से कपड़े धोता है।

— दिनांक

# भिन्न






- रोटी जैसी गोल चीजें कौन-कौन सी होती हैं? ........................


.......................................................................................



और गेंद जैसी?.......................................................................

- रोटी जैसी एक गोल चीज़ को नीचे दिखाया है। अब हम इसके बराबर-बराबर टुकड़े करेंगे।

एक गोला 

आधा गोला $\frac{1}{2}$   $\frac{1}{2}$ गोला 

पाव/चौथाई गोला $\frac{1}{4}$   $\frac{1}{4}$ गोला 

पौन गोला $\frac{3}{4}$   $\frac{3}{4}$ गोला 

* एक कागज़ की गोल चकती लेकर उससे आधी, चौथाई और पौन चकती बनाओ।

* आधे गोले में कितने पाव गोले आएंगे?

चौकोर के और कागज़ के बराबर-बराबर टुकड़े हमने पहले किए थे। याद है?

सोच कर बताओ : आधा बड़ा है या पाव? ...... क्यों?
कैसे बता पाये?

पौन छोटा है या पाव? क्यों? ...............................

आधे में कितने पाव आते हैं?................

चौकोर को आधा करने के, चौकोर के आधे को आधा करने के कई तरीके हैं।

गोल को तुम कितने अलग-अलग तरीकों से आधा कर सकते हो?


आधा, पाव, पौन, इन सब शब्दों को आमतौर पर तुम कहाँ-कहाँ इस्तेमाल करते हो?



# पेड़ और पत्ते

एक दिन मुझे गोपाल गड़रिया मिला। वह जंगल से आ रहा था। उसने कहा – आज तो जंगल बहुत सुंदर लग रहा था। अभी तो जंगल में बहुत पानी है। इसलिए तरह-तरह के पेड़, घास और झाड़ियाँ दिखाई दे रहीं हैं।

मैंने गोपाल से कहा – फिर तुम उसका चित्र क्यों नहीं बना देते? गोपाल ने ऐसा ही किया। देखो उसका बनाया हुआ चित्र।



- बताओ गोपाल के चित्र में -

  कहाँ-कहाँ पर है घास? कहाँ-कहाँ पर है झाड़ियाँ? और कितने हैं पेड़?

  मन से सोचकर उन पर अलग-अलग निशान लगाओ।

---

1. तुम्हारे आसपास कौन-कौन से पेड़ हैं? उनके नाम लिखो।

2. काँटे वाले पेड़ कौन-कौन से हैं?

3. काँटे वाली झाड़ियाँ कौन-कौन सी हैं?


4. सबसे लंबे काँटे कौन से पेड़ के हैं?

5. सबसे लंबे काँटे कौन सी झाड़ी के हैं?

दिनांक

हमने यहाँ दो पत्तियों का चित्र बनाया है। तुम भी ऐसा चित्र बना सकते हो। इसके लिए पत्ती को कागज़ के नीचे रखो। अब जहाँ पत्ती रखी है, उसपर पेंसिल या मोम कलर रगड़ो। देखो नीचे रखी पत्ती का चित्र उभर आएगा। ऐसे-






● ऊपर खाली जगह में और पत्तियों के चित्र बनाओ। इसी तरह अपनी कॉपी/पट्टी पर भी बनाओ।

● नये पत्ते किस-किस मौसम में उगते हैं?






क्या तुमने देखा है -- जब ये पत्ते उगते हैं तो किस-किस रंग के होते हैं?


तालिका में नाम भरो।


अलग-अलग तरह के बहुत सारे पत्ते ढूंढकर लाओ। इनमें से कौन से नोंकवाले हैं? कौन-कौन से बिना नोंक के? नीचे नाम लिखो।

| नुकीले | गोल |
|---|---|
| पीपल | बरगद |










तुम्हारे पास जो पत्ते हैं उनके किनारे देखो। कौन से ⌣ हैं ? और कौन से ∧∧∧ ? तालिका में उनके नाम लिखो।



| ⌣ | ∧∧∧ |
|---|---|
| | |